प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 11.03.2025 समय : 01:00 पी.एम.

0000000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने आज विधानसभा की कार्यवाही शुरू होने से पहले भाजपा विधायक दल की बैठक ली। बैठक में राज्य बजट 2025–26 में प्रस्तावित विकास योजनाओं, कल्याणकारी कार्यक्रमों और नीतिगत निर्णयों पर विस्तृत चर्चा की गई।

000000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे आज करौली के दौरे पर रहेंगे। वे कलक्ट्रेट सभागार में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। श्री बागडे केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति की जानकारी भी लेंगे।

00000

सरकार ने उड़द के शुल्क मुक्त आयात को अगले साल 31 मार्च तक के लिए बढ़ा दिया है। विदेश व्यापार महानिदेशालय ने एक अधिसूचना में यह जानकारी दी है। पहले यह प्रावधान इस साल मार्च के अंत तक लागू था। इस पहल से घरेलू बाजारों में उड़द की कीमतों को स्थिर करने में मदद मिलेगी। गौरतलब है कि राजस्थान के अलावा मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु और महाराष्ट्र प्रमुख उड़द उत्पादक राज्य हैं। भारत दुनिया का सबसे बड़ा उड़द उत्पादक और उपभोक्ता देश है।

00000

ई–श्रम पोर्टल पर 30 करोड़ 68 लाख से अधिक असंगठित कर्मी पंजीकृत हो चुके हैं। यह पोर्टल असंगठित कर्मियों का व्यापक राष्ट्रीय डेटाबेस बनाने के लिए वर्ष 2021 में शुरू किया गया था। लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में श्रम और रोजगार राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने बताया कि कुल पंजीकृत कर्मियों में 53 प्रतिशत से अधिक महिलाएँ हैं। उन्होंने बताया कि अब तक विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों की 13 योजनाओं को ई–श्रम पोर्टल के साथ एकीकृत किया गया है। इनमें पीएम–स्वनिधि, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण और आयुष्मान भारत–प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना शामिल हैं।

00000

जैसलमेर में आज रोजगार सहायता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी भवानी प्रताप चारण ने बताया कि शिविर में विभिन्न कम्पनियो और होटल व्यवसाय के खाली पदों के लिए युवाओ का चयन किया जायेगा। ये शिविर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में लगाया जा रहा है।

00000

जैसलमेर के रामदेवरा में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। दस दिवसीय इस कार्यकम में रामदेवरा ग्राम पंचायत क्षेत्र के स्कूली विद्यार्थियों को आत्मरक्षा के गुर सिखाए जा रहे है। इन प्रशिक्षण शिविरों में बालिकाएं बढ़ चढ़कर भाग ले रही है।

00000

भरतपुर के लोहागढ स्टेडियम में चल रहे बृज होली महोत्सव के तहत आज कबड्डी, बैडमिंटन, एथलेटिक्स और बॉलीबॉल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिला प्रशासन और पर्यटन विभाग की ओर से हुए इस कार्यक्रम में खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसके अलावा राजकीय संग्रहालय में मेहंदी, रंगोली, चित्रकला और साफा बांधों प्रतिस्पर्धा का आयोजन हुआ। भरतपुर के इतिहास को लेकर संगोष्ठी आयोजित कर बच्चों को निःशुल्क भ्रमण कराकर इतिहास की जानकारी दी गई । इसी श्रंखला में शाम को संग्रहालय के मुख्य द्वार पर सांस्कृतिक संध्या आयोजित की जायेगी। इधर डीग के प्रसिद्ध मंदिरों में कुंज गुलाल होली खेली जा रही है। कुछ जगहों पर दूध, दही और लड्डू होली खेली जा रही है। मंदिरों में राधा कृष्ण की फूल–बंगला झांकीयां लगाई गई है।

जगह–जगह होली के रसिया गायन और ब्रज क्षेत्र की संस्कृति प्रदर्शित करती शोभायात्राएं निकाली जा रही है। झालावाड़ के झालरापाटन स्थित द्वारकाधीश मंदिर में फागोत्सव मनाया जा रहा है।

00000

प्रदेश में तापमान में बढोतरी के साथ ही दिन के अलावा अब रात में भी हल्की गर्मी का एहसास होने लगा है। पश्चिमी इलाकों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सैल्सियस के आस–पास रिकॉर्ड किया जा रहा है। कल सबसे ज्यादा 41 डिग्री सैल्सियस अधिकतम तापमान बाडमेर में दर्ज हुआ। जालौर में 40 दशमलव 1, जैसलमेर में 39 दशमलव 5, डूंगरपुर में 38 दश्मालव 2, जोधपुर में 38 दशमलव 1, बीकानेर और पाली में 38, नागौर में 37 दशमलव 7 और राजधानी जयपुर में तापमान 34 दशमलव 6 डिग्री दर्ज हुआ। मौसम विभाग के अनुसार होली के दिन बीकानेर, जयपुर और भरतपुर संभाग के कुछ जिलों में बादल छाने और हल्की बारिश होने की संभावना है, जिससे तापमान में थोड़ी गिरावट आ सकती है।

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' 30 मार्च को होगा। आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले इस कार्यक्रम की ये 120वीं कड़ी होगी। इसके लिए श्रोता, अपने सुझाव 28 मार्च तक टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0 – 1 1 – 7 8 0 0 पर भेज सकते हैं। 1922 नम्बर पर मिस्ड कॉल देकर एस एम एस पर मिले लिंक के जरिए भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। इसके अलावा नरेंद्र मोदी एप और माई जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी सुझाव दिये जा सकते हैं।

0000